भारतीय प्रबंधन संस्थान का वार्षिक खेल व सांस्कृतिक उत्सव शुरू, कार्यक्रम में कई राज्यों के प्रतिभागी ले रहे हैं हिस्सा

खेल और गीत-संगीत से रश-5.0 में घुला रस

आयोजन

रांची | प्रमुख संवाददाता

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची के वार्षिक खेल व सांस्कृतिक उत्सव रश- 5.0 की शुरुआत शनिवार को हुई। इसमें देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से जुटे प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। संस्थान के निदेशक डॉ शैलेंद्र सिंह ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हम अपने प्रयास से ही शिक्षा और प्रगति का पर्याय बन सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

इस वर्ष के वार्षिकोत्सव का विषय, 'रेडियोधर्मी पुनरुत्थान', है। यह एथलेटिक्स और सांस्कृतिक क्रांति का प्रतीक है। पहले दिन कई सांस्कृतिक व खेलकूद की गतिविधियां आयोजित की गईं। फुटबॉल मैच में आईआईएम रांची और केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड की टीम मुकाबले में थी। इसमें आईआईएम 2-0 के स्कोर के साथ बाजी मारने में सफल रहा। साथ ही, टेबल टेनिस में आईआईएम रांची की टीम ने एमडीआई मुर्शिदाबाद की टीम को हराया।

संगीत में एमडीआई मुर्शिदाबाद, एमिटी नोएडा और आईआईएम रांची के छात्रों ने एकल और युगल गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान सुपर्णा बरुआ ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

खास बातें

- वार्षिकोत्सव का विषय 'रेडियोधर्मी पुनरुत्थान' है
- पहले दिन कई खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई
- टेबल टेनिस में आईआईएम रांची की टीम विजेता रही

2 गोल से फुटबॉल मैच में आईआईएम रांची की टीम ने सीयूजे को हराया

भारतीय प्रबंधन संस्थान के वार्षिकोत्सव में गीत पेश करती छात्रा (बाएं) और टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। • हिन्दुस्तान

गायन प्रतियोगिता के ये रहे विजेता

बीआईटी सिंदरी के सनी कुमार और एमिटी विश्वविद्यालय, रांची की नंदिनी सिन्हा गायन प्रतियोगिता में विजेता रहीं। इन प्रतिभागियों ने अपने अद्भुत गायन से श्रोताओं का दिल जीता। शाम को 'वार ऑफ बैंड्स' में छात्रों के संगीत बैंडों ने एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियों से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिकोत्सव का समापन रविवार को होगा।

Hindustan. 02.02.2020. Pg. 02 (supl.)